# 'पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हिंदी माध्यम स्कूलों पर चिपकाए थे अंग्रेजी के बोर्ड'

## कांग्रेस सरकार की इस सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यम के बच्चों का भविष्य अनिश्चितता में पड़ गया : दिलावर

- शिक्षा मंत्री ने कहा, "पूर्ववर्ती सरकार ने आवश्यकता का आंकलन किए बिना ही मनमर्जी से स्कूलें खोली, 4 हजार विद्यालय तो ऐसे हैं, जिनमें पद ही स्वीकृत नहीं है।"
- उन्होंने विधायक चंद्रभान सिंह द्वारा चितौड़गढ़ में शिक्षकों की कमी के प्रश्न पर कहा कि, सरकार जल्द ही खाली पदों को प्राथमिकता से भरेगी।

**जयपुर (विसं)।** शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा में पूर्ववर्ती सरकार ने आवश्यकता का आंकलन किये बिना मनमर्जी तरीके से विद्यालय खोले। 4000 से ज्यादा विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें पद ही स्वीकृत नहीं किये और जो पद स्वीकृत हुए, उन्हें भरा नहीं गया। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए हिन्दी माध्यम के विद्यालयों पर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का बोर्ड चिपका दिया।

इससे हिन्दी और अंग्रेजी दोनों ही माध्यमों के बच्चों का भविष्य अनिश्चितता में लटक गया। इसी प्रकार कई बालिका विद्यालयों को भी बदलकर अंग्रेजी माध्यम में बदल दिया। इसके चलते बालिकाओं को स्कूल छोड़कर दूर-दराज की स्कूल में दाखिला लेना पड़ा या पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

दिलवार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विद्यालय के बारे में जानकारी लेकर समीक्षा की जा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश और विद्यार्थियों के हित में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले विधायक चन्द्रभान सिंह चौहान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में व्याख्याता के 328 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 212 पद भरे हुए हैं तथा 116 रिक्त हैं।

इसी प्रकार वरिष्ठ अध्यापक के कुल 433 स्वीकृत पदों में से 315 पदों पर अध्यापक कार्यरत हैं तथा 118 पद रिक्त हैं। उन्होंने व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापकों के विद्यालयवार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण सदन के पटल पर रखा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को विभागीय पदोन्नित समिति तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर से चयनित आशार्थी उपलब्ध होने पर प्राथमिकता से भरा जाएगा।

## 'राजस्थान में भू-जल स्तर बढ़ाने के हो रहे सार्थक प्रयास'

**जयपुर (विसं)।** भू-जल मंत्री कन्हैया लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार भू-जल स्तर बढ़ाने व वर्षाजल संरक्षण करने के लिए राज्य सरकार प्रभावी कार्य कर रही है। कन्हैयालाल प्रश्नकाल में विधायक गोपीचंद मीणा के पूरक प्रश्नों का जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक को अटल भू-जल योजना में जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया है। राज्य के भू-जल संसाधनों की नवीनतम आकलन रिपोर्ट वर्ष-2024 में 295 पंचायत समितियों तथा सात शहरी क्षेत्रों सहित कुल 302 इकाइयों का आंकलन किया गया है। जिसमें 214 इकाइयां अतिदोहित, 27 इकाइयां संवेदनशील, 21 इकाइयां अर्द्धसंवेदनशील, 37 इकाइयां सुरक्षित तथा तीन इकाइयां लवणीय श्रेणी में वर्गीक्रत हैं। राज्य की भू-जल दोहन दर 149.86 प्रतिशत रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 के दौरान वर्षा जल संरक्षण के लिए भू-जल पुनर्भरण के प्रचलित तकनीकी उपायों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की कृत्रिम भू-जल संचरनाओं का निर्माण कराया गया।

# हाऊसिंग बोर्ड ने ई-नीलामी में बेची 155 करोड़ रु. की प्रीमियम प्रॉपर्टी

-कार्यालय संवाददाता-

- जयपुर से लगभग 132.37 करोड़, भरतपुर से 35.31 लाख, भिवाड़ी से 6.97 करोड़, और हनुमानगढ़ से 15.92 करोड़ की आय आवासन मण्डल को होगा : आवासन आयुक्त



आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा

**जयपुर ।** राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से विभिन्न आय वर्गों के लिए करवाए जा रहे "प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन" को लेकर आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला है।

आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से 3 से 5 फरवरी को आयोजित किए गए प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में लगभग 155.62 करोड़ की आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्तियों का निस्तारण किया गया। इस नीलामी में जयपुर, हनुमानगढ़, भिवाड़ी और भरतपुर में छोटे व बडत्रे व्यावसायिक एवं आवासीय भूखंड तथा निर्मित फ्लैट शामिल हैं।

डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में ई-नीलामी के तहत कुल 44 सम्पत्तियों का निस्तारण किया है। इनमें जयपुर से लगभग 132.37 करोड़, भरतपुर से 35.31 लाख, भिवाड़ी से 6.97 करोड़, और हनुमानगढ़ से 15.92 करोड़ की आय आवासन मण्डल को होगी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल के प्रति आमजन का विश्वास प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में भी देखने को मिला है, जिससे यह कहा जा सकता है की अपने आवास का सपना साकार करने के लिए आवासन मण्डल आज भी आमजन की पहली पसंद है। मण्डल द्वारा मिशन मोड में संपत्तिया को चिन्हित कर नीलामी के लिए उपलब्ध कराया गया। साथ ही आमजन की सहूतलियत के लिए उनकी जीपीएस लोकेशन को भी मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया। इसी के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया गया जिसके फलस्वरूप अधिक संख्या में लोगों ने इस नीलामी में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी आवासन मण्डल की ओर से इसी तरह की योजनाओं एवं नीलामी कार्यक्रम के जरिये आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभ उठाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है की फरवरी माह का प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन अब 10 से 12 फरवरी, 17 से 19 तथा 24 से 27 फरवरी को होगा ।

# सांप-मकड़ियां और बिच्छू के साथ दो यात्री गिरफ्तार

## जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम अफसरों ने आरोपियों को दबोचा



**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग प्रजाति के सांप-मकड़ियां और बिच्छू जब्त कर दो यात्रियों को पकडा हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि डिटेन गए दोनो यात्रि नशे के लिए इन जहरीले सांप-मकड़ियां और बिच्छू को लेकर आए थे।

कस्टम अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर से बैंकॉक से आई एयर एशिया की फ्लाइट में दो संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली थी। इस पर फ्लाइट के जयपुर में लैंड होते ही टीम ने दोनों यात्रियों को डिटेन किया। दोनों यात्रियों के पास से कस्टम की टीम को 7 प्लास्टिक के डिब्बे मिले। इन डिब्बों को खोलने पर सांप, बिच्छू और मकड़ियां मिली। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि इन जीवों की तस्करी नशे के लिए की जा रही थी। दोनों यात्रियों का कहना है कि वह नहीं जानते थे कि डिब्बों में क्या है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। डिब्बों में कई प्रजाति के सांप, बिच्छू और मकड़ियां मिलने पर वन विभाग की टीम को एयरपोर्ट पर मौके पर बुलाया गया। वन विभाग की टीम जांच कर रही है कि इन जीवों की तस्करी के पीछे वास्तविक कारण क्या हो सकता है।

# बिना सत्यापन किरायेदार रखा तो मकान मालिक को होगी जेल

- किरायेदारो को पुलिस सत्यापन कराना होगा अति आवश्यक

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में किराए पर रहकर बदमाशों के शहर में अपराध करने की वारदात लगातार सामने आ रही है। इसके अलावा मकान मालिकों के किराए पर रखने वालों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाने से शहर में अपराध बढ़ा है। जयपुर पुलिस की ओर से बिना सत्यापन के किराएदारों को रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जयपुर शहर के सभी मकान मालिकों को इस संबंध में पाबंद करने का आदेश जारी किया गया। इसी संदर्भ में जयपुर पश्चिम जिला पुलिस ने मुरलीपुरा, करधनी, विश्वकर्मा, सदर, बिंदायका, झोटवाडा थाना इलाके में बिना सत्यापन के किराएदारों को रखने वाले ग्यारह मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिनमें से चार मकान मालिकों को शांतिभंग में गिरफ्तार भी किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार बढानिया ने बताया कि पिछले दिनों हुई कई आपराधिक वारदातों में पकडे गए बदमाशों के जयपुर में किराए पर रहने का पता चला। इन बदमाशों को किराए पर रखने वाले मकान मालिकों ने उनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाया था। किराएदार का बिना सत्यापन करवाए उनको किराए पर रखा गया था। कुछ मकान मालिकों को ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किराए पर मकान देने का आभास भी नहीं होता है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार बढानिया ने बताया कि जयपुर पश्चिम में ऐसे अपराधियों का डाटा जुटाया गया। जिनके खिलाफ तीन या उससे अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इनके खिलाफ इन प्रकरणों में से पांच साल में कोई ना कोई प्रकरण दर्ज हुआ है। जो वर्तमान में सक्रिय अपराधी है। ऐस कुल अपराधों की संख्या 1 हजार 835 है, जिनमें कुल अपराधियों की संख्या करीब 250 है। इनमें से कुछ अपराधी खुद के मकान में और कुछ किराए के मकान में जयपुर पश्चिम जिले में रह रहे है। मकान मालिकों ने बिना पुलिस सत्यापन के उन्हें किराए पर रखा हुआ है। पुलिस वेरिफिकेशन के बिना किराएदार रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई की गई। जयपुर पश्चिम पुलिस की ओर से ग्यारह मकान मालिकों पर कार्रवाई की। पुलिस ने चार मकान मालिकों को शांतिभंग के आरोप में बंद किया गया। जयपुर पुलिस की ओर से बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराएदार रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। एक्ट 223 बी के तहत मकान मालिकों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत एक साल तक सजा हो सकती है।

## सांसद मंजू शर्मा की गडकरी से मुलाकात

**नई दिल्ली ।** जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र से सांसद मंजू शर्मा ने आज संसद परिसर में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों के रख-रखाव, नवीनीकरण सहित सडक हादसों में कमी के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाली तकनीको के माध्यम से आपातकालीन एवं आभारभूत सुविधाओं के विकास और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिसपर केन्द्रीय मंत्री ने त्वरित कार्रवाही करने की बात कही। मंजू शर्मा ने उनका आभार व्यक्त किया। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास को गति देने और व्यापार बढ़ाने के लिए अच्छी सडकों के साथ-साथ सुगम व सुरक्षित परिवहन भी आवश्यक है। मोदी सरकार ने राजस्थान में हाईवे निर्माण के लिए पिछले दस सालों में भरपूर मदद की है। जिससे दुर्घनाओं में कमीं और विकास में गति आई है।

## तिवाड़ी ने जयपुर हैरिटेज संरक्षण का मुद्दा राज्यसभा में उठाया

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने शुक्रवार को जयपुर शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में उठाया।

तिवाड़ी ने कहा कि जयपुर, जिसे पिंकसिटी के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय वास्तुकला, संस्कृति और इतिहास का एक अद्वितीय संगम है। यह शहर न केवल अपनी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज सिटी के रूप में भी मान्यता प्राप्त कर चुका है। तिवाड़ी ने आगे कहा कि जयपुर शहर के ऐतिहासिक स्थल, महल, किले, मंदिर और बाजार समय के साथ-साथ बढ़ती जनसंख्या, अतिक्रमण, अव्यवस्थित शहरीकरण, और प्रदूषण के कारण खतरे में पड़ गए हैं। इन धरोहरों की संरचना और शुद्धता को बनाए रखना एक चुनौती बन गई है। जयपुर की हेरिटेज विरासत केवल राजस्थान या भारत ही नहीं, बल्कि समूचे विश्व के लिए अनमोल धरोहर है। इसके संरक्षण के लिए सरकार, स्थानीय प्रशासन, और समाज के सभी हिस्सों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

राज्यसभा सांसद तिवाड़ी ने कहा कि यदि हम समय रहते इन स्थलों के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाते, तो यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ी क्षति हो सकती है। जयपुर के ऐतिहासिक स्थल भारतीय संस्कृति के अद्वितीय प्रतीक हैं, और हमें इन्हें बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

# शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर रहा सहकारिता विभाग : गौत्तम कुमार दक

**जयपुर (विसं)।** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की शिकायतों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण के लिए गंभीरता से प्रयास करते हुए विभागीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर 31 जनवरी 2025 तक 519 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

उन्होंने बताया कि 6 प्रकरणों में 11 अधिकारियों के विरुद्ध एसीबी को प्रारंभिक अन्वेषण के लिए अनुमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही 10 लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों को निलंबित किया है। इसी प्रकार 43 कर्मचारियों, अधिकारियों के विरुद्ध 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई तथा 7 अधिकारियों को 17 सीसीए में नोटिस दिया गया है। सहकारिता राज्य मंत्री शुक्रवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जिन क्रय-विक्रय समितियों में गबन अथवा घोटालों की शिकायत मिली है। वहां कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उन्होंने कहा कि विभाग शिकायतों पर गंभीरता से कार्य कर रहा है, शिकायतों के लिए राज्य स्तर पर एक टीम गठित कर उनकी जांच करवाई जा रही है। श्री दक ने कहा कि विभाग के संज्ञान में जो भी गंभीर प्रकरण आए उनके दोषी अधिकारियों की अभियोजन स्वीकृति दी गई। इससे पहले विधायक विधायक कालीचरण सराफ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में राज्य की क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में हुए निर्णित-कथित गबन व अनियमितता के प्रकरणों का विवरण सदन की मेज पर रखा। साथ ही, उन्होंने घोटालों में दोषी पाए गए अधिकारियों/कार्मिकों/फ़र्म के विरुद्ध विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण भी सदन के पटल पर रखा।

## 'निर्धारित मजदूरी के अनुसार मानदेय भुगतान'

**जयपुर ।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि जनता जल योजना के अन्तर्गत अंशकालिक रूप से कार्यरत सहायक पंप चालकों को मोटर आदि को चलाने के लिए मानदेय भुगतान कुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 7410 रुपये के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्हें स्थाई करने का कोई प्रावधान वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता जल योजना के तहत पंप आदि चलाने के लिए विभागीय कर्मचारी को नियुक्त नहीं कर अंशकालीन व्यवस्था किये जाने का प्रावधान है।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल श्री बागडे ने उनका राजभवन में अभिनंदन किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## 'राजसमंद में 42 ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियां संचालित'

**जयपुर ।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राजसमन्द क्षेत्र में कुल 50 ग्राम पंचायत हैं। इनमें से 42 में बहुउद्देश्यीय ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालित हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि शेष 8 ग्राम पंचायतों में भी प्रस्ताव प्राप्त होने पर नवीन बहुउद्देश्यीय ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्थापना की जाएगी। सहकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहकारिता को सशक्त बनाने के लिए सहकार से समृद्धि योजना के माध्यम से प्राथमिक सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय एवं बहुआयामी बनाने के लिए कई नवाचार शुरू किये गए हैं। राज्य सरकार द्वारा पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 5 हजार 96 कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किये गए हैं। इसके अतिरिक्त पैक्स में जन औषधी केन्द्र भी स्थापित किये गए हैं तथा पारदर्शिता लाने के लिए इन्हें कम्प्यूटरीकृत भी किया जा रहा है।

इससे पहले विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 से 2024 तक 5 हजार 378 नई बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियां गठित की गई हैं। उन्होंने प्रदेश में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख,डेयरी, मात्स्यिकी सहकारी समितियों से लाभान्वित किसानों का जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा।

# सूने मकानों में सेंध लगाने वाला पकड़ा

- जयपुर पुलिस कमिश्नर ने किया डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल से सम्मानित

**जयपुर।** बिंदायका थाना क्षेत्र में सूने मकानों को निशाना बनाने वाले शातिर नकबजन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का पूरा सामान और वारदात में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा भी बरामद कर लिया है। पुलिस जांच सामने आया है कि यह शातिर अपराधी पहले भी कई चोरी की वारदातों में लिप्त पाया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण, नगदी और वारदात में काम में लिया ऑटो रिक्शा बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त अमित बुडानिया ने बताया कि 4 फरवरी 2025 को परिवादी किशोरी नंदन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 2 फरवरी को जब वह अपने परिवार के साथ बाहर गए थे, तब उनके घर में चोरी हो गई। पीड़ित ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चोर उसके मकान से चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की जानकारी जुटाई। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध की पहचान हुई और उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी हरजान सैनी (35) पुत्र रतनलाल सैनी निवासी टोडाभीम, करौली ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# राम का गुणगान करने वाले लोग उनसे कुछ सीखते : गोठवाल

- 'उपचुनाव के परिणाम में जनता ने कांग्रेस को आइना दिखाने का कार्य किया'

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान खंडार विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता दिखाने के लिए राम का गुणगान कर रहे हैं, इससे अच्छा होता कि वे राम के जीवन चरित्र से कुछ सीखते। उन्होंने कहा कि हाल ही 7 सीटों पर हुए उपचुनाव में प्रदेश की जनता ने सबक सिखाया था। यह चुनाव परिणाम कांग्रेस नेताओं के लिए आइना दिखाने वाले थे लेकिन इसके बाद भी उन्होंने इससे कोई सबक नहीं सीखा।

विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान चाकसू विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने सबके सामने कहा था कि उनका ही नहीं बल्कि उनके साथ 9 अन्य नेताओं के फोन टेप किए जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तत्कालीन ओएसडी लोकेश शर्मा ने सबके सामने पेन ड्राइव रखते हुए कहा था कि यह रिकार्डिंग गहलोत ने दी है। पूर्व सीएम गहलोत ने पूरे पांच साल तक नेताओं के फोन टेप करवाने का कार्य किया। गोठवाल ने कहा कि सीएम भजनलाल ने संकल्प लिया है कि राजस्थान के अब तक के विकास के रिकार्ड को तोडते हुए युवाओं को रोजगार, आवास और खाद्यान्न उपलब्ध करवाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक साल में कई कठोर निर्णय लिए है। पेपरलीक मामले में 200 लोगों की गिरफ्तारी बडा काम है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयोजित राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम में रिकार्ड एमओयू हुए हैं। कांग्रेस नेता राइजिंग राजस्थान के नाम से जेब भरना चाहते थे इसलिए कार्यकाल के अंतिम वर्ष में ऐसे आयोजन करते रहे जबकि सीएम भजनलाल ने पहले साल ही इसका आयोजन कर बता दिया कि यह सरकार जनता का भला करने के लिए है।

खंडार विधायक गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने शासनकाल में 5 साल में 80 हजार युवाओं को रोजगार दिया जबकि भाजपा सरकार ने एक साल में ही 59 हजार लोगों को नौकरी दी है। इसके अलावा एक लाख 72 हजार नौकरियों के लिए वेकेंसी निकाली है। आने वाले सालो में 2 लाख 32 हजार को रोजगार देंगे यह हमारा विजन है। उन्होंने पिछली सरकार के समय योजना भवन के बेसमेंट में मिला एक किलो सोना और 2.32 करोड की नकदी तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत ने रखवाई थी। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में ही भाजपा शासन में अपराध कम हुआ है और करीब एक लाख मुकदमे कम दर्ज हुए हैं।

## जयपुर में ई-रिक्शा संचालन 6 जोन में विभाजित : प्रेमचंद बैरवा

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा एवं उपमुख्यमंत्री डा प्रेम चंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि अवैध वाहनों के संचालन से जयपुर शहर में उत्पन्न यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ठोस और प्रभावी कदम उठा रही है और ई-रिक्शा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए थाना क्षेत्रानुसार क्लस्टर बनाकर 6 जोन में विभाजित किया गया है। डॉ. बैरवा प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि गत वर्ष 15 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर प्रत्येक जोन में ई-रिक्शा की संख्या भी निर्धारित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा संचालन वाले छह जोन में पार्किंग एवं चार्जिंग के स्थान भी चिह्नित किये गए हैं एवं ई-रिक्शा को जोनवार क्यूआर कोड जारी करने के लिए गत 28 जनवरी को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम एवं द्वितीय में 45 हजार 508 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि शहर में यातायात जाम की स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वय से कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

इससे पहले विधायक बालमुकुंदाचार्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में डा बैरवा बताया कि जयपुर शहर में विशेष आयोजनों एवं पीक ऑवर्स के दौरान यातायात का दबाव बढ़ जाता है, यातायात दबाव वाले स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा अतिरिक्त जाप्ता लगाकर यातायात व्यवस्था कराई जाती है। जयपुर शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार एम.वी.एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष में नियमित रूप से मोटर यान अधिनियम, 1988 एवं सपठित नियमों के उल्लंघन करने पर अवैध वाहनों के विरूद्ध परिवहन विभाग द्वारा 7 हजार 183 एवं यातायात पुलिस द्वारा 2 लाख 55 हजार 129 चालान की कार्यवाही की गयी हैं।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने किया डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल से सम्मानित

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाईन चांदपोल जयपुर में आयोजित समारोह में पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवायें देने वाले दो अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, तीन पुलिस निरीक्षक, एक उप निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षक, दो हेडकांस्टेबल, एक कांस्टेबल, एक विशिष्ट लोक अभियोजक को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल देकर सम्मानित किया एवं एक अतिउत्कृष्ट, नौ उत्कृष्ट सेवा पदक भी देकर सम्मानित किया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को बधाई एवं उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि डीजीपी डिस्क विशेष कार्य करने वालों को ही दी जाती है। इतनी बडी फोर्स में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं।

उनको कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाय तो यह उनके काम का भी सम्मान है। बाकी के लोग भी इनसे प्रेरणा लें। उन्हे उम्मीद है कि भविष्य में भी लगन, समर्पण एवं मेहनत से जनता की सेवा का कार्य करते हुए पुलिस का नाम रोशन करते हुए आगे बढ़ाते रहेंगे।

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शिल्पा चौधरी, हेमन्त जाखड, पुलिस निरीक्षक गुरू भूपेन्द्र सिंह, सुरेश चन्द, राजेन्द्र गोदारा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक प्रद्युमन कुमार, हेडकांस्टेबल रामसिंह, लोकेश कुमार एवं विशिष्ठ लोक अभियोजक रचना मान शामिल थे।

साथ ही अति उत्कृष्ट सेवा पदक से हैडकांस्टेबल राजेश कुमार एवं उत्कृष्ट सेवा पदक से हैडकांस्टेबल बृजमोहन अमित कुमार, ओमप्रकाश, यादराम, कांनिस्टेबल महेश कुमार, सुरेश चन्द, रामलाल, संदीप कुमार को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था डा. रामेश्वर सिंह चौधरी, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रशासन एवं यातायात योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री देवेन्द्र कुमार विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अपराध कुन्दन कवरिया, यातायात शाहिन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हरिराम जाखड़, सुलेश चौधरी, रानू शर्मा, राजवीर सिंह, लाखन मीणा, सीताराम प्रजापत, सहायक पुलिस आयुक्त हेमराज मूंड सहित अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।